CHAPTER 17

शेर, पहचान, चार हाथ, साझा

PAGE 131 , प्रश्न और अभ्यास

शेर

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - शेर :1

लोमड़ी स्वेच्छा से शेर के मुँह में क्यों चली जा रही थी?

उत्तर- लोमड़ी बेरोजगारी की प्रतीक है तथा शेर रोजगार कार्यालय का प्रतीक है । बेरोजगार युवक को रोजगार चाहिए और वह जानता है की रोजगार कार्यलय एक शेर के सामान है । फिर भी वह शेर के मुँह रूपी रोजगार कार्यलय में अपनी मर्जी से चला जाता है।

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - शेर :2

कहानी में लेखक ने शेर को किस बात का प्रतीक बताया है?

उत्तर- इस कहानी में शेर एक ऐसे सत्ता का परिचायक है जो आम आदमी को अलग-अलग प्रकार के लालच देकर अपने अधीन रखने में प्रयासरत है ।

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - शेर :3

शेर के मुँह और रोज़गार के दफ़्तर के बीच क्या अंतर है?

उत्तर- शेर के मुँह में गए जानवरों का जीवन समाप्त हो जाता है परन्तु रोजगार कार्यलयों में लोगों का जीवन नहीं समाप्त होता है, बल्कि उनकी आशाएँ समाप्त हो जाती है।

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - शेर :4

'प्रमाण से अधिक महत्वपूर्ण है विश्वास' कहानी के आधार पर टिप्पणी कीजिए।

उत्तर- विश्वास प्रमाण से बड़ा होता है। कई बार लोग प्रमाण देखने पर भी बात नहीं मान पाते है परन्तु यदि उन्हें किसी के ऊपर विश्वास हो तो वे प्रमाण के बिना विश्वास कर लेते

है। विश्वास होने पर लोग कही भी साथ देने चल सकते हैं। उनको इस बात के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है की रास्ता सही है। लोगो को पता है की रोजगार कार्यलय शेर का मुँह है परन्तु फिर भी लोग उसके अंदर जाते है क्योँकि उन्हें विश्वास है की इसके अंदर जाने पर उन्हें सुख की प्राप्ति होगी। सब कुछ जानते हुए भी वे गढ्ढे में गिर जाते हैं।

पहचान

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - पहचान :1

राजा ने जनता को हुक्म क्यों दिया कि सब लोग अपनी आँखें बंद कर लें?

उत्तर- राजा ने प्रजा को आँखे बंद करने का आदेश दिया ताकि लोग राजा के द्वारा हो रहे शोषण तथा अत्याचार के प्रति उपेक्षित हो जाए और राजा मनमाने ढंग से जनता का शोषण करता रहे।

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - पहचान :2

आँखे बंद रखने और आंखे खोलकर देखने के क्या परिणाम निकले ?

उत्तर- आँखे बंद रखने पर राजा ने लोगो का बहुत शोषण किया। जब उन्होंने आँखे खोली तो उनको पता चला की जिस विकास और ज्यादा उत्पादन की बात राजा कर रहा था उसका लाभ सिर्फ राजा को हुआ है। लोगो का सिर्फ शोषण हुआ है।

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - पहचान :
राजा ने कौन-कौन से हुक्म निकाले? सूची बनाइए और इनके निहितार्थ लिखिए।

उत्तर- राजा ने इस प्रकार कुछ हुक्म निकाले :-
<u>प्रजा अपनी आँखें बंद कर ले</u> - इसमें छुपा निहितार्थ है लोग राजा के द्वारा हो रहे शोषण तथा अत्याचार के प्रति उपेक्षित हो जाए और राजा मनमाने ढंग से जनता का शोषण करता रहे।

<u>प्रजा अपने कानों में पिघला शीशा डलवा दे</u> **-** इसमें छिपा निहितार्थ है की लोगो द्वारा सुनने की क्षमता ख़त्म हो जाए जिस से वे राजा के विरोधियों की बातें नहीं सुन सके।

<u>प्रजा अपने मुंह को सिलवा ले</u> - इसमें छुपा निहितार्थ है कि लोगों के विरोध की क्षमता खत्म हो जाए।

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - पहचान :4

जनता राजा की स्थिति की ओर से आँखें बंद कर ले तो उसका राज्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर- अगर जनता राज्य की स्थिति की ओर आँखे बंद कर ले तो राजा का शोषण बढ़ जायेगा, राज्य का विकास रुक जायेगा तथा सभी लोग राजा के गुलाम बनकर रह जायेंगे।

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - पहचान :5

खैराती, रामू और छिद्दू ने जब आँखें खोली तो उन्हें सामने राजा ही क्यों दिखाई दिया?

उत्तर- इतने समय तक आंखे बंद रखने पर प्रजा ने अपना अस्तित्व ही समाप्त कर दिया था। वे कठपुतली बन चुके थे। इसलिए जब खैराती, रामू और छिद्दू ने आँखे खोली तो उन्हें सामने बस राजा ही दिखाई दे रहा था।

चार हाथ

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - चार हाथ :1

मज़दूरों को चार हाथ देने के लिए मिल मालिक ने क्या किया और उसका क्या परिणाम निकला?

उत्तर- मजदूरों को चार हाथ देने के लिए मिल मालिक ने कुछ इस प्रकार कार्य किये और उनके परिणाम भी कुछ इस प्रकार निकले:

(**क**) मिल मालिक नें कई वर्षों तक विख्यात वैज्ञानिकों को मोटी तनख्वाह पर रखा। लेकिन उसे इसका कोई परिणाम नहीं मिला ।

(**ख**) उन्होंने मृत व्यक्ति के हाथ मंगवाकर मजदूरों पर लगवाए लेकिन वे व्यर्थ हुआ ।

(ग) उसने लकड़ी के हाथ बनवाकर मजदूरों पर लगवाए लेकिन इससे कुछ न मिला ।

(घ) उसने लोहे के हाथ बनवाकर मजदूरों पर लगवाए लेकिन इससे मजदूरों को जीवन से हाथ धोने पड़ा ।

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - चार हाथ :2

चार हाथ न लग पाने पर मिल मालिक की समझ में क्या बात आई?

उत्तर- चार हाथ नहीं लग पाने पर मिल मालिक को एहसास हुआ की यह प्रयास व्यर्थ है। इस से अच्छा है कि मजदूरों की मजदूरी कम करके उतने ही पैसे में दूसरे मजदूर रखकर उनसे तेजी से काम कराया जाए।

साझा

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - साझा :1

साझे की खेती के बारे में हाथी ने किसान को क्या बताया?

उत्तर- साझे खेती के बारे में हाथी ने किसान को बताया की किसान खेती करेगा तथा हाथी उसके खेत की जंगल के छोटे जानवरों से रक्षा करेगा। इसके बाद दोनों फसल को आधा-आधा बाँट लेंगे।

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - साझा :2

हाथी ने खेती की रखवाली के लिए क्या घोषणा की?

उत्तर- हाथी ने घोषणा की कि किसान की खेती में उसका भी साझा है। अतः किसी ने उसके घोषणा की अनदेखी किया तो यह उचित नहीं होगा।

12:1:17:प्रश्न और अभ्यास - साझा :3

आधी-आधी फसल हाथी ने किस तरह बाँटी?

उत्तर- हाथी ने कहा की फसल को आधा-आधा बाँट लेंगे। अर्थात दोनों आधा-आधा खाएंगे। किसान ने विवश होकर जब खाना प्रारम्भ किया तो हाथी गन्ना खींचते हुए मुँह में ले जाने लगा। किसान के हार मानकर गन्ना छोड़ दिया।

किसान के गन्ना छोड़ने पर हाथी ने पूरा गन्ना खुद खा लिया।